# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 13/09/2024**

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --247/2024
13 सितंबर 2024
फुटबॉल मैदान, ललपनिया, गोमियाँ, बोकारो
=====================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन बोकारो जिला अंतर्गत ललपनिया में आयोजित "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार " कार्यक्रम में  बोकारो एवं रामगढ़ जिले को लगभग 753 करोड़ रुपए की 733 योजनाओं का दिया तोहफा
=====================

◆ मुख्यमंत्री  ने  करम पर्व की पूर्व संध्या पर झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना की 45 लाख से ज्यादा बहन -बेटियों के खाते में दूसरी किस्त की सम्मान राशि का किया हस्तांतरण
=====================

■ मुख्यमंत्री ने कहा- आप अपना आशीर्वाद बनाए रखें, हम आगे भी आपके बीच कई और नई कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आएंगे
=====================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा  आज हमारे द्वारा लिए जा रहे फैसलों से लोगों के चेहरे पर दिख रही खुशी, ढोल-नगाड़े बजाकर सरकार  के निर्णयों का वे कर रहे स्वागत और जता रहे आभार
=====================

● राज्य की जनता को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत और सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार कर रही काम

◆ **आपकी समस्याओं के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर मौजूद है पूरा सरकारी तंत्र**

◆ **हमारा प्रयास युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर से बेहतर अवसर प्रदान करना है**

◆ **राज्य के लोगों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

**श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड**

आज हमारी सरकार गांव-गांव पहुंच रही है। आपकी समस्याओं के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर पूरा सरकारी तंत्र मौजूद है। आप आगे आएं और राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने को सशक्त बनाएं। आपकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव हमारी प्राथमिकता है। आप अपना आशीर्वाद बनाए रखें। हम आगे भी आपके बीच कई नई कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आएंगे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित "आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार" कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**दलालों के चक्कर में नहीं पड़ना होगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक वैसा भी वक्त था, जब आपको सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों का बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था। दलालों के चक्कर में पड़कर आप अपना पैसा भी गंवाते थे और योजना का लाभ भी नहीं मिलता था। लेकिन, हमारी सरकार ने इस तरह से नीतियां और योजनाओं को लागू करने का काम किया है, जिससे आपको ना तो बार-बार ब्लॉक ऑफिस जाना पड़ता है और ना ही दलालों के आगे- पीछे घूमना पड़ता है। अधिकारियों का दल आपके घर पहुंच रहा है, ताकि आपकी समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान हो सके। इतना ही नहीं, आपकी बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण हो रहा है, ताकि आपके पैसे का कोई दुरुपयोग ना कर सके।

**आधी आबादी को बना रहे हैं सशक्त**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण की दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना लागू करने का हमारी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस योजना के तहत 18 से 50 वर्ष तक की लगभग 48 लाख महिलाओं को वर्ष में 12 हज़ार रुपए सम्मान राशि के रूप में दिए जाएंगे। इसकी पहली जारी हो चुकी है और आज करम पर्व की पूर्व संध्या पर दूसरी किस्त की राशि

हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूरी हो रही है। इतना ही नहीं अगले 5 वर्षों के दौरान हर घर में 1 लाख रुपए हर वर्ष पहुंचाने का भी काम हमारी सरकार करेगी, ताकि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा होकर अपने घर- परिवार को मजबूत बना सकें।

**हर बूढ़ा- बुजुर्ग को मिल रहा पेंशन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इसका परिणाम है कि आज कोई भी बूढ़ा- बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं है। अब पेंशन योजना से जुड़ने के लिए आपको इंतजार नहीं करना पड़ता है। जैसे ही आपकी उम्र पेंशन पाने की योग्य हो जाती है, आपको उसका लाभ मिलना प्रारंभ हो जाता है।

**200 यूनिट बिजली फ्री, बकाया बिजली बिल भी माफ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आज आपको 200 बिजली फ्री दे रही है, वहीं बकाया बिजली बिल को माफ करने का भी निर्णय हमारी सरकार ने लिया है। जिसका फायदा इस राज्य के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को रहा है। हमारी कोशिश राज्य की जनता को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत और सुविधा देना है, ताकि वे प्रगति की राह पर आगे बढ़ सकें।

**किसानों -पशुपालकों के आमदनी में बढ़ोतरी के लिए लगातार हो रहा प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले झारखंड प्रदेश में किसानों और पशुपालकों को सशक्त बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आई हैं। एक तरफ किसानों के दो लाख रुपए तक का लोन माफ करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है तो दूसरी तरफ बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना और दीदी बाड़ी योजना जैसी अनेकों योजनाओं के जरिए किसानों को वैकल्पिक कृषि के साथ उनके आय में बढ़ोतरी के लिए प्रयास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान सशक्त बनेंगे तभी हमारा राज्य मजबूत बनेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार गांव और देहात से चल रही है, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकें।

**सरकार से जुड़े अंगों की समस्याओं का भी हो रहा समाधान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों की लंबित समस्याओं का समाधान करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। चाहे सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना देना हो या फिर जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका जैसे सरकार से जुड़े अन्य कर्मियों की मांगों को पूरा कर हम उनके चेहरे पर मुस्कान लाने

का भी काम कर रहे हैं। आज हमारे द्वारा लिए जा रहे निर्णयों से हर किसी के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है।

**बच्चियों की पढ़ाई- लिखाई से लेकर उनके करियर संवारने तक का जिम्मा उठा रही सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चियों की पढ़ाई लिखाई से लेकर उनके भविष्य निर्माण तक का जिम्मा उठा रही है। अब अभिभावकों को अपने बच्चियों के पढ़ाई की चिंता नहीं करनी पड़ रही है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से अब तक 10 लाख से ज्यादा बच्चियों को जोड़ा जा चुका है। हमारे बच्चे- बच्चियां डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनें, इसके लिए उन्हें गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन बिना किसी गारंटी के देने की व्यवस्था की गई है। वहीं, हमारे बच्चे विदेशों में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके, उसका भी पूरा खर्च सरकार वहन कर रही है। इसके साथ जो स्वरोजगार करने के इच्छुक हैं उनके लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 25 लाख रुपए तक की राशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। हमारा प्रयास युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर से बेहतर अवसर प्रदान करना है।

**बोकारो को 302 और रामगढ़ जिले को 431 योजनाओं की मिली सौगात**

मुख्यमंत्री ने " आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार " कार्यक्रम में बोकारो एवं रामगढ़ जिले को लगभग 753 करोड़ 44 लाख हजार रुपए की 733 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत 40872.20 लाख रूपए की 431 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास शामिल है, जबकि बोकारो जिला अंतर्गत 52594.26 लाख रूपए की 302 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास संपन्न हुआ। वहीं,दोनों जिलों के हज़ारों लाभुकों के बीच लगभग 342 करोड़ 90 लाख रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ।

**इस कार्यक्रम में मंत्री श्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री श्री इरफान अंसारी, मंत्री श्रीमती बेबी देवी, विधायक श्री लम्बोदर महतो, विधायक श्री कुमार जयमंगल सिंह, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री योगेंद्र महतो, झारखण्ड राज्य समन्वय समिति के सदस्य श्री फागु बेसरा, पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवी, आईजी, कोयला प्रक्षेत्र डॉ एस माइकल राज, डीआईजी श्री सुरेन्द्र कुमार झा के अलावा रामगढ़ एवं बोकारो जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।**

**=======================**

**#Team PRD(CMO)**